राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, दुर्गापुरा जयपुर

राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर

क्रमांकः प.14(101)RSSB/अर्थना/स्कुल शिक्षा/कम्प्यु.अनु./भर्ती/2021/580 **दिनांक : 24/6/22**

—:: कार्यालय आदेश ::—

बेसिक कम्प्युटर अनुदेशक एवं वरिष्ठ कम्प्युटर अनुदेशक सीधी भर्ती—2022

बोर्ड द्वारा माध्यमिक शिक्षा विभाग के लिए बेसिक कम्प्युटर अनुदेशक एवं वरिष्ठ कम्प्युटर अनुदेशक सीधी भर्ती—2022 हेतु दिनांक 01.02.2022 को विज्ञापन जारी कर ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये गये थे। उक्त भर्ती हेतु बोर्ड द्वारा दिनांक 18.06.2022 एवं 19.06.2022 को परीक्षा आयोजित करवाई गई है। बोर्ड के आदेश दिनांक 24.03.2021 की पालना में इस भर्ती में आवेदकों के ऑनलाईन आवेदन में **दिनांक 25.06.2022 से दिनांक 04.07.2022 23.59 बजे तक ऑनलाईन संशोधन हेतु अंतिम अवसर प्रदान किया जाता है।** अभ्यर्थी अपने ऑनलाईन आवेदन में श्रेणी, विशेष श्रेणी, उप श्रेणी, जन्म तिथि, लिंग एवं वैवाहिक स्थिति इत्यादि में निर्धारित रू. 300/—का शुल्क ऑनलाईन भुगतान कर संशोधन कर सकेंगे। आवेदक के नाम, माता/पिता के नाम, पता, शैक्षणिक योग्यता, फोटो एवं हस्ताक्षर में संशोधन **प्रतिबंधित** रहेगा। आवेदक के नाम, माता/पिता के नाम, पता, शैक्षणिक योग्यता, फोटो एवं हस्ताक्षर में त्रुटिपूर्ण सूचनाओं में संशोधन हेतु (चयन होने की स्थिति में) दस्तावेज सत्यापन के समय ही विचार किया जाएगा। **उक्त समय सीमा के पश्चात् किसी भी स्थिति में बोर्ड द्वारा कोई संशोधन स्वीकार नहीं किया जावेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी। इस हेतु बोर्ड द्वारा कोई भी ऑफलाईन प्रार्थना पत्र स्वीकार नहीं किया जावेगा।**

(पुष्कर राज शर्मा)
सचिव